# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## 10 ओवर मे पंजाब को रौंदकर फाइनल मे पंहुंची RCB, क्या खत्म होगा 17 साल का इंतजार ?


Publisher

Published on 30 May 2025




## IPL 2025: RCB ने धमाकेदार जीत के साथ चौथी बार फाइनल मे बंनाई जगह, फिल साल्ट ने खेली तूफानी पारी।

**IPL 2025 Qualifier one: रॉयल चैलेजंर्स बेगंलुरु (RCB)** ने आईपीएल 2025 के एक अहम मुकाबले में **पंजाब किंग्स** को मात्र **10 ओवर** में हराकर इतिहास रच दिया है। यह मुकाबला **मुल्लांपुर स्टेडियम** में गुरुवार को खेला गया, जिसमें **आरसीबी ने पंजाब को 8 विकेट** से मात देकर चौथी बार फाइनल में जगह बना ली है।

**पंजाब किंग्स** ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया और पूरी टीम **सिर्फ 14.1 ओवर मे 101 रन** पर ढेर हो गई। इसके जवाब में **RCB** ने लक्ष्य को आसानी से पार करते हुए **10 ओवर मे हीं 106/2 रन** बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### फिल साल्ट का तूफान, गेदंबाजों की छुट्टी

**आरसीबी** की जीत के नायक रहे सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट, जिन्होंने मात्र **27 गेदों मे 56 रन की नाबाद** और विस्फोटक पारी खेली। उनकी इस पारी में **3 छक्के और 6 चौके** शामिल थे। कप्तान र**जत पाटीदार ने भी 8 गेदों मे 15 रन** बनाए और छक्का लगाकर मैच खत्म किया।

अन्य बल्लेबाजों में **विराट कोहली ने 12 और मयंक अग्रवाल ने 19 रन** बनाए। पंजाब की गेंदबाजी बेहद कमजोर नजर आई, जहां सिर्फ **काइल जैमिसन** और **मुशीर खान को 1-1 विकेट** मिला।

## RCB की गेदंबाजी ने कर दिया पंजाब को ढेर

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली RCB ने शुरू से ही पंजाब के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। पंजाब की ओर से **मार्क्स स्टॉयनिस ने सर्वाधिक 26 रन** बनाए, जबकि **प्रभसिमरन सिंह** और **अजमतुल्लाह ओमरजई ने 18-18 रन** बनाए।

आरसीबी के गेंदबाजों में **जॉश हेजलवुड** और **सुयश शर्मा ने 3-3 विकेट** झटके, जबकि **यश दयाल ने 2 विकेट, भुवनेश्वर कुमार** और **रोमारियो शेफर्ड ने 1-1 विकेट** लिया।

## फाइनल मे चौथी बार RCB, क्या इस बार ट्रॉफी मिलेगी ?

**RCB** इससे पहले **2009, 2011 और 2016 मे फंाइनल** खेल चुकी है, लेकिन तीनों ही बार खिताब जीतने में असफल रही। अब एक बार फिर फाइनल में पहुंचकर टीम के पास 17 साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म करने का सुनहरा मौका है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.